prepp

Practice, Learn and Achieve
Your Goal with Prepp

# SSB Constable Exam

Model Paper

Simplifying
**Government Exams**

SSC CHSL | IAS EXAM | RRB NTPC | NTSE | CDS
SSC CGL | CBSE UGC NET | IBPS PO | NDA
SBI PO | IBPS CLERK | AFCAT | SSC JE | CTET
CSIR UGC NET | CAPF | IBPS RRB

www.prepp.in

2012

# सामान्य हिन्दी तथा निबन्ध

# GENERAL HINDI & ESSAY

*निर्धारित समय : तीन घण्टे]* *[ पूर्णांक : 100*

*Time allowed : Three Hours]* *[Maximum Marks : 100*

*नोट :* (i) ***सभी*** *प्रश्न अनिवार्य हैं ।*

(ii) ***प्रत्येक*** *प्रश्न के अंक उसके अंत में इंगित हैं ।*

(iii) ***एक*** *प्रश्न के* ***सभी*** *भागों का उत्तर अनिवार्यत: एक साथ दिया जाए ।*

(iv) *पत्र लेखन में अपना नाम, पता अथवा अनुक्रमांक न लिखें । यदि अनिवार्य हो, तो क्ष, त्र, ज्ञ (X, Y, Z) लिख सकते हैं ।*

***Notes :*** (i) ***All*** *questions are compulsory.*

(ii) *Marks carried by each question are indicated at it's end.*

(iii) ***All*** *sections of* ***one*** *question must necessarily be given altogether.*

(iv) *Do not write your name, address or roll number in letter writing, if it is necessary, write क्ष, त्र, ज्ञ (X, Y, Z).*

1. किसी देश की संस्कृति को जानने के लिए वहाँ के साहित्य का अध्ययन नितान्त आवश्यक है । <u>साहित्य प्रत्येक देश के विकास का प्रतीक होता है</u> । साहित्य में समूची जाति के धार्मिक विचारों, सामाजिक संगठनों, ऐतिहासिक घटना चक्रों तथा राजनीतिक परिस्थितियों का प्रतिबिम्ब दिख जाता है । <u>भारतीय संस्कृति के मूल आधार हैं हमारे साहित्य के अमूल्य ग्रन्थ</u>, जिनके माध्यम से भारत की आन्तरिक एकता का ज्ञान हो जाता है । हमारे देश की बाहरी विविधता भारतीय वाङ्मय में प्रवाहित होने वाली सांस्कृतिक एकता को कभी नहीं ढक सकती । <u>वाङ्मय की आत्मा एक है</u> । वह अनेक भाषाओं, रूपों तथा परिस्थितियों में हमारे सामने आती है ।

(क) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक दीजिए । 2

(ख) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए । 2

(ग) रेखांकित अंशों की व्याख्या कीजिए । 6



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

2. निम्नलिखित पत्र का सारणी रूप (Tabular form) में सार लिखिए : **5**

स्वास्थ्य मंत्रालय

उत्तराखण्ड सरकार

देहरादून

संख्या 455/2012 दिनांक 10 अगस्त, 2012

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय

उत्तरकाशी

**विषय** : उत्तरकाशी जिले में मलेरिया बुखार और दिमागी बुखार की समस्या

महोदय,

उत्तराखण्ड सरकार की ओर से मुझे आपको यह सूचित करने का निदेश मिला है कि उत्तरकाशी जनपद के गाँवों में फैले मलेरिया और दिमागी बुखार से निपटने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएँ । राष्ट्रीय समाचार-पत्रों में बीमारी की स्थिति के बारे में काफी समाचार छपे हैं । जिले के विधायकों ने भी इस सम्बन्ध में सरकार को ज्ञापन दिया है ।

मलेरिया और दिमागी बुखार की समस्या से निपटने के लिए गाँवों में साफ़-सफाई का विशेष ध्यान दिया जाए । गाँवों के अन्दर और बाहर फैले कूड़े-कचरे को और नालियों को साफ कराया जाए । नालियों में मच्छर-रोधी दवा का छिड़काव तथा फॉगिंग (धुआँ) नियमित रूप से कराया जाए । बीमार लोगों के खून की जाँच कराई जाए तथा सचल चिकित्सायान के द्वारा घर-घर दवा उपलब्ध कराई जाए ।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में चिकित्सकों और दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए । गंभीर रोगियों को जिला अस्पताल में भर्ती कराकर समुचित देख-रेख के साथ इलाज़ कराया जाए । गाँवों में शुद्ध पेय जल की आपूर्ति की व्यवस्था कराई जाए ।

इस पत्र के साथ एक करोड़ रुपये का ड्राफ्ट भेजा जा रहा है । यह धनराशि मुख्यमंत्री राहत कोष से मलेरिया और दिमागी बुखार से निपटने के लिए दी जा रही है । उत्तराखण्ड सरकार का एक शिष्टमण्डल शीघ्र ही स्थिति का जायजा लेने के लिए उत्तरकाशी ज़िले का दौरा करेगा ।

इस सम्बन्ध में जो भी कार्रवाई की जाए, उसकी तत्काल सूचना सरकार को भेजी जाए ।

भवदीय

क.ख.ग.

सचिव



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

3. (क) अर्द्धशासकीय पत्र का आशय स्पष्ट करते हुए उसका एक उदाहरण प्रस्तुत कीजिए । 5

(ख) अनुस्मारक (पत्र) को स्पष्ट करते हुए उसका एक उदाहरण दीजिए । 5

4. (क) निम्नलिखित शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए : 5

(i) Census

(ii) Literacy

(iii) Dissent

(iv) Migration

(v) Revenue

(ख) निम्नलिखित शब्दों के अंग्रेजी रूप लिखिए : 5

(i) अनुदेश

(ii) कार्यवृत्त

(iii) निविदा

(iv) प्रतिवादी

(v) अनुमोदन

5. निम्नलिखित वाक्यों एवं गलत वर्तनी वाले शब्दों को शुद्ध कीजिए : 5

(i) आपकी महान् कृपा होगी ।

(ii) व्यापारी ने पाँच कुंतल कोयले खरीदे ।

(iii) तुमने उसे बैठने को नहीं कहा ।

(iv) अब पूरा दाइत्व आपके ऊपर है ।

(v) आपके आर्शीवाद से मेरा कार्य हो गया ।

6. निम्नलिखित शब्द-समूहों के लिए **एक-एक** शब्द लिखिए : 5

(i) पसीने से उत्पन्न होने वाला

(ii) जानने की इच्छा रखने वाला

(iii) गुरु के समीप रहने वाला

(iv) जिसने मृत्यु को जीत लिया हो

(v) दो बार जन्म लेने वाला



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

7. निम्नलिखित शब्दों के **दो-दो** पर्यायवाची शब्द लिखिए : **5**

(i) कामदेव

(ii) वसुधा

(iii) सोना

(iv) जंगल

(v) पुष्प

8. निम्नलिखित शीर्षकों में से किसी **एक** पर हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में लगभग **600** (छह सौ) शब्दों का निबन्ध लिखिए : **50**

Write an essay in Hindi or English, selecting **one** topic, given below. Word-limit of essay is about **600** words :

(i) जीवन और साहित्य ।

Life and Literature

(ii) राजनीति में अवमूल्यन : समस्या एवं समाधान ।

De-valuation in Politics : Problem and Solution

(iii) भारत में बाल श्रमिक-समस्या ।

Child-labour-problem in India

(iv) पर्यावरण-प्रदूषण

Environmental Pollution

(v) मेरी प्रिय पुस्तक

My Favourite book



Latest Sarkari Jobs, Govt Exam Results, Vacancies and updates on one click
Know More

prepp

# Latest Sarkari jobs, Govt Exam alerts, Results and Vacancies

- Latest News and Notification
- Exam Paper Analysis
- Topic-wise weightage
- Previous Year Papers with Answer Key
- Preparation Strategy & Subject-wise Books

To know more **Click Here**

www.prepp.in